मध्य प्रदेश मे राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र द्वारा सेफर इंटरनेट डे का आयोजन

सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर मध्य प्रदेश के सभी जिलों मे जिला प्रशासन तथा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) मध्य प्रदेश के सौजन्य से विभिन्न संस्थाओं मे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (NIC) मध्य प्रदेश, राज्य इकाई मे इस उपलक्ष्य मे कार्यक्रम का आयोजन हुआ | इसमे मुख्य अतिथि, कमिश्नर, तकनीकी शिक्षा निदेशालय श्री अवधेश शर्मा एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, श्री कमलेश जोशी की अध्यक्षता मे राज्य इकाई के सभी सदस्यों ने भाग लिया | साथ ही सम्पूर्ण राज्य के सरकारी/सरकारी-स्वायत्त इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज संस्थान के शिक्षकों तथा विद्यार्थीयों ने वर्चुअल माध्यम (VC) से भाग लिया |

इस वर्ष की थीम एआई और उभरते साइबर जोखिम निर्धारित की गई है | वक्ताओ द्वारा उपयोगकर्ताओं को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में संवेदनशील बनाने, साइबर स्वच्छता के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देने, उपयोगकर्ताओं को प्रमुख साइबर खतरों और शमन तकनीकों के बारे में शिक्षित करने और नागरिकों के बीच इंटरनेट के जिम्मेदार उपयोग करने हेतु चर्चा की गई | ए आई-सक्षम धोखाधड़ी, उपयोगकर्ताओं को धोखा देने के लिए डीपफेक, वॉयस क्लोनिंग, व्यक्तिगत संदेश और स्वचालन विषयों से अवगत कराया गया । ए. आई. के इस बढ़ते दुरुपयोग ने सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल उपयोग के लिए गंभीर चुनौती पैदा कर दी है, जिससे जागरूकता और साइबर स्वच्छता आवश्यक हो गई है।

लोकभवन मध्य प्रदेश में, NICMP एवं लोकभवन के सौजन्य से दिनांक 13/02/2026 को Safer Internet Day का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे राज्यपाल के अपर सचिव, राज्यपाल के विधि अधिकारी , राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, एन आई सी, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक श्री राकेश जैन एवं लोकभवन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तथा वर्चुअली जुड़े हुए 28 विश्वविद्यालय के कुलगुरुगण, कुलसचिव, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं प्रतिनिधिगण लगभग 225 लिंक से जुड़े हुए थे।

प्रारंभ में NIC सेल लोकभवन में पदस्थ संयुक्त संचालक श्री जितेन्द्र कुमार पाराशर ने Safer Internet Day के महत्व एवं उद्देश्यों की जानकारी दी | राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी एवं उपमहानिदेशक श्री कमलेश जोशी द्वारा अपने उद्बोधन मे Safer Internet के महत्वपूर्ण पहलुओं, आधुनिक साइबर खतरों और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार की चर्चा की गई । साइबर सिक्यूरिटी विशेषज्ञ, वरिष्ठ निदेशक श्री राकेश जैन ने नवीनतम साइबर हमले एवं उनसे बचने के उपाय के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से डेमो दिया गया तथा प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया गया।

इसी अवसर पर मध्य प्रदेश के जिलों मे भी एन आई सी जिला अधिकारियों द्वारा लगभग 52 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिनमे विद्यालयींन तथा महाविद्यालयींन छात्रों /छात्राओं, शिक्षकों , जिला अधिकारियों , कर्मचारियों के जन समूह को इस वर्ष की थीम एआई और उभरते साइबर जोखिम से अवगत कराया गया |

इस अवसर कि कुछ चित्रमय झलकियां

संकलन :- सुषमा मिश्रा , वैज्ञानिक 'F'